भारत सरकार
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय
(खेल विभाग)

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1077

उत्तर देने की तारीख 29 जुलाई, 2024
7 श्रावण, 1946 (शक)

पंजाब में 'खेलो इंडिया गेम्स'

1077. श्री गुरमीत सिंह मीत:

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार की भविष्य में पंजाब राज्य में 'खेलो इंडिया गेम्स' आयोजित करने की कोई योजना है; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री
(डॉ. मनसुख मांडविया)

(क) खेलो इंडिया यूथ गेम्स आयोजित करने के लिए, मंत्रालय किसी एक राज्य को मेजबान राज्य के रूप में नामित करता है। मेज़बान राज्यों का चयन आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता के आधार पर किया जाता है जैसे कि खेल अवसंरचना, पर्याप्त आवास व्यवस्था, विभिन्न स्पर्धाओं के लिए प्रस्तावित स्थानों तक सुचारू आवागमन और विभिन्न अन्य तकनीकी आवश्यकताएं । अत: इस समय यह निर्धारित करना संभव नहीं है कि पंजाब आगामी खेलो इंडिया गेम्स की मेजबानी करेगा या नहीं।

(ख) उपरोक्त (क) को ध्यान में रखते हुए प्रश्न नहीं उठता।

******